अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण आयोजन।

भा.कृ.अनु.प.– केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत दिनाँक 23.02.2024 को एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें गाँव सालासर एवं नाईयों की बस्ती, तहसील श्रीकोलायत के 47 अनुसूचित जाति के किसानों को प्रशिक्षण एवम् अनुसंधान फार्म में भम्रण के दौरान उन्नत फसलों के बारें में जानकारी दी गई तथा सजीव फसल वाटिका प्रर्दशन दिखाया गया। फार्म पर प्रायोगिक प्रक्षेत्र प्रर्दशन में फसल की विभिन्न किस्मों (सरसों, चना, इसबगोल, कुसुम, गेहूँ, एवम् जीरा) आदि के बारे में डॉ नारायण सिंह नाथावत एवम् डॉ. विजय सिंह राठौड़ ने जानकारी दी। खेजड़ी, सेंजना एवम् अरडू के साथ कृषि–वानिकी प्रणालिया आदि के बारे में डॉ मोती लाल सोनी ने जानकारी दी। मशरूम युनिट तथा एकीकृत कृषि प्रणालियॉ के बारे में डॉ बीरबल ने किसानों को बताया। डॉ नवरतन पंवार, अध्यक्ष, काजरी आर.आर.एस., बीकानेर ने शुष्क क्षेत्रों में विभिन्न फसलों में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले नुकसान एवम् तत्वों की कमी को दूर करने के उपायों के बारें में विस्तृत जानकारी दी साथ ही लवणीय सिचांई जल के समूचित उपयोग के बारें में जानकारी प्रदान की। डॉ गोपाल लाल बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक एवम् समन्वयक ने किसानों की आय बढ़ाने में स्वयं सहायता समूह का महत्व समझाया गया एवम् भविष्य के लिए सुझाव दियें। सभी वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसलों के बारें में जानकारी एवं सुझाव से किसान काफी सन्तुष्ट दिखें एवं अपनी संकाओं का समाधान के लिए वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त की।